दिनाँक-29 अप्रैल 2026

भगवान महावीर स्वामी के केवलज्ञानकल्याणक के अवसर पर आयोजित

समवसरण प्रशिक्षण परीक्षा

(कक्षा अध्यापन-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिकारत्न श्री चंदनामती माताजी)

प्रश्न 1 -किन तीर्थंकर भगवान के समवसरण का प्रमाण पाँच योजन का था ?

(1) भगवान धर्मनाथ (2) भगवान मल्लिनाथ

(3) भगवान मुनिसुव्रतनाथ (4) भगवान शांतिनाथ

प्रश्न 2 -केवली भगवान के प्रभाव से कौन-सा अतिशय प्रगट होता है ?

(1) चारों तरफ चार सौ कोस तक सुभिक्षता (2) जन्मजात शत्रु का आपस में मैत्री भाव

(3) हिंसा-उपसर्गादि का अभाव **(4) उपर्युक्त सभी**

प्रश्न 3 -अरिहंत भगवान की ॐकारमयी दिव्यध्वनि कितनी भाषाओं में परिणत होती है ?

(1) सात सौ अठारह (2) पाँच सौ बारह

(3) सात हजार अठारह (4) एक हजार आठ

प्रश्न 4 -समवसरण की बारह सभाओं में देव-देवियों की कुल कितनी सभाएँ हैं ?

(1) चार **(2) आठ**

(3) दस (4) बारह

प्रश्न 5 -समवसरण की पाँचवी ध्वजा भूमि में ध्वजाओं की कुल संख्या कितनी है ?

(1) 108 (2) 10

(3) 470, 880 (4) 1080

प्रश्न 6 -भगवान श्री महावीर स्वामी की केवलज्ञान स्थली का नाम बताइये ?

(1) प्रयाग (उ.प्र.) **(2) जमुई (बिहार)**

(3) कुण्डलपुर (बिहार) (4) राजगृही (बिहार)

प्रश्न 7 -समवसरण के मानस्तंभों की ऊँचाई कितनी होती है ?

(1) भगवान की ऊँचाई से 1 योजन ऊँचे (2) भगवान की ऊँचाई के बराबर

(3) भगवान की ऊँचाई से 12 गुने ऊँचे (4) भगवान की ऊँचाई से 12 गुने नीचे

प्रश्न 8 -समवसरण की किस भूमि में नमेरु-मंदार-संतानक-पारिजात आदि सिद्धार्थवृक्ष हैं ?

(1) कल्पभूमि में (2) लता भूमि में

(3) खातिका भूमि में (4) उपवन भूमि में

प्रश्न 9 -समवसरण की तीन कटनियों में से द्वितीय कटनी पर कौन-से द्रव्य रहते हैं ?

(1) यक्षेन्द्र के मस्तक पर धर्मचक्र **(2) धूप घट, नवनिधियाँ, मंगलद्रव्य आदि**

(3) आठ प्रातिहार्य (4) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 10 -भगवान के समवसरण की रचना कुबेर कहाँ करता है ?

(1) पृथ्वी पर (2) समुद्र में

(3) आकाश में अधर (4) पर्वत पर

प्रश्न 11 -समवसरण में जयंत नामक गोपुर द्वार किस दिशा में स्थित है ?

(1) पूर्व (2) दक्षिण

(3) पश्चिम (4) उत्तर

प्रश्न 12 -भगवान के श्रीविहार के समय भगवान के आगे-आगे कौन चलता है ?

(1) धर्मचक्र (2) मनुष्य

(3) आकाशगामी ऋद्धिधारी (4) पशु

प्रश्न 13 -भगवान के केवलज्ञान प्रगट होने पर कुबेर कितने समय में समवसरण की रचना कर देता है ?

(1) दो मुहूर्त में (2) 60 मिनट में

(3) 4 मुहूर्त में **(4) अर्ध निमिष में**

प्रश्न 14 -श्रीमण्डप भूमि में क्या है ?

(1) आठ सभाएँ (2) नौ-नौ स्तूप

(3) चैत्यवृक्ष **(4) बारह सभाएँ और तीन कटनी सहित गंधकुटी**

प्रश्न 15 -समवसरण में परकोटा-वेदी-भूमियों की कुल संख्या बताइये ?

(1) चार-पाँच-आठ (2) पाँच-बारह-चार

(3) चार-आठ-तीन (4) आठ-आठ-चार

प्रश्न 16 -तीर्थंकर की वाणी को सर्वप्रथम कौन झेलते हैं ?

(1) ज्योतिषी देव (2) चक्रवर्ती इन्द्र

(3) गणधर मुनि (4) प्रमुख श्रोता

प्रश्न 17 -भगवान महावीर स्वामी को केवलज्ञान किस तिथि में हुआ था ?

(1) चैत्र शुक्ला एकादशी (2) कार्तिक कृष्णा अमावस्या

(3) वैशाख कृष्णा द्वादशी **(4) वैशाख शुक्ला दशमी**

प्रश्न 18 -भगवान महावीर स्वामी का समवसरण कितने योजन का था ?

(1) 7 योजन (56 मील) **(2) 1 योजन (8 मील)**

(3) 10 योजन (80 मील) (4) 4 योजन (32 मील)

प्रश्न 19 -समवसरण की बारह सभाओं में चक्रवर्ती आदि मनुष्यों से पूर्व की सभा में कौन बैठते हैं ?

(1) सिंहादि तिर्यंच (2) ज्योतिष देव

(3) कल्पवासी देव (4) गणधरादि मुनि

प्रश्न 20 -समवसरण में स्थित वीथी का क्या अर्थ है और उनमें क्या होता है ?

(1) वेदी, स्तूप **(2) गली, मानस्तंभ आदि**

(3) कोटा, गोपुरद्वार (4) इनमें से कोई नहीं